युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, 'मोदी-एपस्टाइन कनेक्शन' पर जांच की मांग,

सारंगपुर। शुक्रवार को सारंगपुर में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कथित 'मोदी-एपस्टाइन कनेक्शन' को लेकर पर्चे उड़ाए और नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के एक कथित ईमेल में अमेरिकी वित्तीय अपराधी जैफरी ऐपस्टेन ने यह दावा किया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इज़राइल यात्रा को लेकर सलाह दी थी। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि ऐसा कोई संदर्भ सामने आया है तो इसकी सच्चाई स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि जनता के मन में किसी प्रकार का संशय न रहे। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से इन दावों को पहले ही निराधार और 'बकवास' बताया जा चुका है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता आवश्यक है और किसी भी प्रकार की शंका को दूर करने के लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण या जांच जरूरी है।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

आगर -मालवा। जैसे - जैसे होली पास आ रही हैं, वैसे-वैसे फाग की मस्ती छाने लगी है आज पंचवटी धाम कॉलोनी में श्री राधा भजन मंडली द्वारा आशा कारपेंटर के निवास स्थान पर फाग उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बहनों ने रंग गुलाल व फूलों से भगवान को होली खिलाई उसके बाद महिलाओ ने फूलों से भी होली खेली। इस अवसर पर आभा अरोड़ा चोपडद्य, रेखा यादव, पुर्वा यादव , गीता जायसवाल, सोनू विश्वकर्मा, सुमन मसानिया, रुक्मणी शर्मा, चित्रा गुप्ता , सीमा गुप्ता राधा सोनी, संतोष प्रमीला करुणा शर्मा आदि बहने मौजूद रही।

वार्ड 12 में दूषित जल की शिकायत पर एसडीएम ने की जांच, पेयजल परीक्षण के निर्देश

आगर-मालवा। वार्ड क्रमांक 12 में दूषित पेयजल आपूर्ति की प्राप्त शिकायत पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मिलिंद ढोके द्वारा स्थल पर पहुंचकर जांच की गई। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही जल के नमूने (सेम्पल) लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजने के निर्देश प्रदान किए गए, ताकि पेयजल की गुणवत्ता की पुष्टि की जा सके। एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण किया

पंपापुरी धाम में विजयसिंह गौतम ने किए एक लाख ग्यारह हजार रु.भेंट

महिदपुर। जवाहर डोसी पीयूष आज महिदपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित पम्पापुरी धाम में जननायक विजयसिंह गौतम ने पम्पापुरी धाम ट्रस्ट को एक लाख ग्यारह हजार रुपए भेंट किए। इस कार्यक्रम के दौरान श्री रमेश राठी,श्री संजय व्यास हाईकोर्ट एडवोकेट,श्री दिनेश राठौर अध्यक्ष पत्रकार संघ,श्री कैलाश राठी सलाहकार समिति मप्र शासन,अक्षय शर्मा जी,गौरव दशोरा जी,श्री डॉ.मेहता,श्री शरद सेन पूर्व पार्षद,जीतू बना सगवाली, कृष्णपाल बना डेलची खुर्द,केशव बना,धर्मेंद्र बना जी,आदि गणमान्य अतिथि निकी पमार,लखनसिंह सिसोदिया,मयंकचोपड़ा, किसान पुत्र श्री राम बारौठीया डूंगरखेड़ा विशेष रूप से और कैलाश शर्मा मीन भी उपस्थित रहे।

शनि मंदिर किशनपुरा मे श्री खाटू श्याम की भजन संध्या का हुआ आयोजन

सारंगपुर। समीपस्थ ग्राम किशनपुरा में शनि मन्दिर परिसर मे गुरुवार रात्रि को बाबा खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया इसके पूर्व भक्ति भाव और आनंद के साथ बाबा श्री खाटू श्याम की पालकी शोभायात्रा पूरे गांव में बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई घर-घर से माता बहनों ने आकर बाबा श्याम का पूजन किया। शोभायात्रा में नाचते गाते झुमते खाटू श्याम की भजन संध्या स्थल पर पहुंचे जहां बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया तथा श्याम दरबार को फूलों से सजाया गया भजन संध्या में आने वाले सभी श्याम प्रेमियों ने बाबा खाटू श्याम का पूजन अर्चन और आहुति देकर सभी ने सुख और मंगल की कामना की। इस अवसर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक दीपक सिंह सिसोदिया अकोदिया एवं उनकी समस्त टीम ने भाव भक्ति पूर्ण भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया साथ ही प्रसिद्ध भजन 'कलयुग के राजा खाटू नरेश ' मेरे खाटू वाले श्याम निराले मेरा जीवन तेरे हवाले' ऐसे सु मधुर गीतों और भजनों के माध्यम से देर रात्रि तक भजन संध्या में भक्त झूमते रहे

बिना सुरक्षा कवच के मजदूरों से कराया जा रहा कार्य, हादसे की आशंका

सारंगपुर। पुराने एबी रोड पर कालीसिंध नदी के ऊपर नए पुल का निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है। यह निर्माण कार्य सेतु विभाग के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है, लेकिन मौके पर विभाग का कोई इंजीनियर नहीं थे इतना ही नहीं सुरक्षा व्यवस्थाओं की भी गंभीर अनदेखी सामने आ रही है।

निर्माण स्थल पर ठेकेदार द्वारा मजदूरों से बिना सुरक्षा उपकरणों के कार्य कराए जाने से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।निर्माण स्थल पर गहरे गड्ढों में पुल के पिलर की नींव भरने के लिए। भारी क्रेन और मशीनों की सहायता से सरिए के ढांचे खड़े किए जा रहे हैं तथा कंक्रीट डाला जा रहा है। इस दौरान कई मजदूर ऊंचाई पर खड़े होकर और गहराई में उतरकर काम करते नजर आए, लेकिन उनके पास न तो सेफ्टी हेलमेट हैं, न सुरक्षा बेल्ट और न ही अन्य आवश्यक सुरक्षा साधन। कार्य के दौरान आसपास पर्याप्त सुरक्षा घेरा या चेतावनी संकेतक भी दिखाई नहीं दिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही भविष्य में किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे सकती है। पुल निर्माण जैसे संवेदनशील कार्यों में सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक होता है। नियमों के अनुसार मजदूरों को हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट, दस्ताने और जालीनुमा सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना अनिवार्य है, लेकिन यहां इन नियमों की अनदेखी की जा रही है।क्षेत्रवासियों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण स्थल का निरीक्षण कर ठेकेदार को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि मजदूरों की जान जोखिम में न पड़े और कार्य सुरक्षित तरीके से पूर्ण हो सके। मौके पर ठेकेदार के कर्मचारी से हमारे संवाददाता ने सुरक्षा संबंधित चर्चा की तो बोले आगे से सुरक्षा का ध्यान दिया जाएगा वही सेतु निगम अधिकारी ने मोबाइल रिसीव नहीं किया।

52 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए ई-टेंडर जारी

राजगढ़ -सर्वसाधारण एवं आबकारी के फुटकर ठेकेदारों की जानकारी के लिये राज्य शासन/आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार निविदा प्रकाशित की गई है। राजगढ़ जिले में वर्ष 2026-27 में अर्थात 01 अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2027 तक की अवधि के लिए जिले के कुल 33 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के समूहों में से फाईनल रेन्डमाईजेशन पश्चात कम्पोजिट मदिरा दुकानों के 11 समूहों में सम्मिलित 52 मदिरा दुकानों का ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। साथ ही ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 02:00 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 02 मार्च, 2026 को दोपहर 02:05 बजे से, ई-टेण्डर कम ऑक्शन अन्तर्गत ऑक्शन प्रारम्भ एवं बंद होने की तिथि 02 मार्च, 2026 को दोपहर 03:30 बजे से सायंकाल 05:30 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनट के अन्तराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि), ई-टेण्डर खोलने की तिथि एवं समयसंबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 02 मार्च, 2026 को सायंकाल 06:00 बजे (जो भी बाद में हो) तथा जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समयई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी।

नवागत एसडीओपी दामोदर गुप्ता का सकल हिंदू समाज ने किया स्वागत

आष्टा।सकल हिंदू समाज द्वारा शुक्रवार को नवागत एसडीओपी दामोदर गुप्ता का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा (पूर्व पार्षद) के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न समाजों के अध्यक्षों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं मिठाई खिलाकर श्री गुप्ता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने नगर में सामाजिक गतिविधियों, आगामी त्योहारों की व्यवस्थाओं तथा शांति, सुरक्षा और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की। एसडीओपी श्री गुप्ता ने सभी समाज अध्यक्षों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि समाज और प्रशासन एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि कानून व्यवस्था, सामाजिक समरसता और जनसहयोग के माध्यम से आष्टा को आदर्श नगर बनाने में प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने कहा कि समाज प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगा।

जिला स्तरीय ओलिंपियाड सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

राजगढ़ -राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार विगत दिवस कक्षा 2 से 8 के शासकीय शालाओं के बच्चो के लिए जनशिक्षा केंद्र स्तर की ओलिंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन 18 नवंबर, 2025 में किया गया था, जिसके परिणाम पश्चात चयनित बच्चों के लिए जिला स्तरीय ओलिंपियाड प्रतियोगिता 17 एवं 18 जनवरी को आयोजित की गई।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राज्य स्तर के लिए चयनित कक्षा 2 से 8 के प्रत्येक विषय में प्रथम आए 32 बच्चों को जिला स्तर पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उनके विषय शिक्षक और पालक अभिभावक को बुलाया गया। साथ ही शुक्रवार को डाइट राजगढ़ में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय (राजस्व)अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज रही। सहभागियों का पंजीयन कार्य श्रीमती विनीता सक्सेना,श्री गिरीश शर्मा और श्रीमती राजेश तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती भारद्वाज सहित डाइट प्राचार्य श्रीमती शीला पाटोदिया, डीपीसी श्री आर.के. यादव द्वारा मां सरस्वती पूजन से की गई। कार्यक्रम में छात्र माही, वेदांशी जायसवाल द्वारा अपनी ओलिंपियाड तैयारी और सफलता के बारे में सभी को बताते हुए अपने परिवार और शिक्षक को अपनी सफलता का श्रेय दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनुविभागीय (राजस्वक) अधिकारी श्रीमती भारद्वाज द्वारा बच्चों को अपने छात्र जीवन के स्मरण सुनाए और उपस्थित पालकों पिता/माताओं को बच्चे के सर्वांगीण विकास की सोच के साथ प्रेरित करने और अच्छा माहौल घर में बनाए रखने की बात कही। कार्यक्रम में अपने विषय में प्रथम आए बच्चों को उपहार जिसमें स्कूल बैग,लंचबॉक्स, बोतल, ड्राइंग बॉक्स के साथ ट्रैक सूट,टी शर्ट, कैप एवं शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान किए। बच्चों के साथ उस विषय का अध्यापन कराने वाले साथ आए शिक्षकों का भी जिला स्तर पर प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डाइट व्याख्याता श्रीमती अनीसा बेग द्वारा किया गया।

सामाजिक न्याय एवं आयुष विभाग द्वारा वरिष्ठजनों के लिए काइनेटिक एंड मेंटल स्किल इंप्रूवमेंट कार्यक्रम आयोजित

आगर-मालवा । मध्य प्रदेश शासन के स्टेट एक्शन एलान फॉर सीनियर सिटीजन के तहत कलेक्टर आगर मालवा श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयुष विभाग हॉल आगर में वरिष्ठजनों के शारीरिक गति एवं मानसिक कौशल में प्रगति हेतु काइनेटिक एंड मेंटल स्किल इंप्रूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ योग आचार्य हरीश श्रीवास्तव,जिला आयुष अधिकारी डॉ महेश कंडारिया, सामाजिक न्याय विभाग शाखा प्रभारी निलेश झासिया एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव द्वारा वरिष्ठजनों को ध्यान एवं योग करने के तरीके बताए गए।जिला आयुष अधिकारी डॉ महेश कंडारिया द्वारा आयुष विभाग के कार्यों की जानकारी देते हुए वरिष्ठजनो को स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधि का वितरण कर आयुष शब्द का विस्तृत अर्थ समझाया गया।सामाजिक न्याय शाखा प्रभारी निलेश झासिया ने शारीरिक गति एवं मानसिक कौशल में प्रगति हेतु योग के साथ ही चलने, दौड़ने, साइकिल चलाने, तैराकी, नृत्य,जैसी गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक गति में वृद्धि एवं शतरंज खेलना,ध्यान लगाना, पहेलियां बुझने,गेम कार्ड, जैसे खेलों के माध्यम से मानसिक कौशल में प्रगति लाने हेतु निरंतर अभ्यास करने की बात कही ।सेवानिवृत्त वरिष्ठजनों द्वारा बड़े ही उल्लास के साथ प्रसन्नचित होकर आयोजन मे सहभागिता की गई।अंत में सभी वरिष्ठजनों को आयुर्वेदिक स्वास्थ्यवर्धक च्यवनप्राश का सेवन कर उससे होने वाले फायदों की जानकारी देकर उपस्थित अतिथियों द्वारा निःशुल्क वितरण किया गया।

500 श्रमिकों को स्थायी करने का कोई वैधानिक प्रावधान नहीं

महिदपुर।मध्यप्रदेश विधानसभा में लैंक्सेस उद्योग में 500 श्रमिकों को स्थायी करने, वर्गीकरण,वीआरएस व निरीक्षण करने के संबंध में कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने विधानसभा में प्रश्न के माध्यम से मुद्दा उठाकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। लैंक्सेस में कार्यरत श्रमिकों के आधार पर 500 श्रमिकों को स्थायी करने की मांग श्रम नीति एवं लागू स्थायी आदेशों के अनुसार लैंक्सेस उद्योग में कार्यरत कुल श्रमिकों को देखते हुए कम से कम 500 श्रमिकों को स्थायी किए जाने की मांग करने पर श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि किसी उद्योग में कुल श्रमिकों की संख्या के आधार पर एक निश्चित संख्या 500 श्रमिकों को स्थायी करना अनिवार्य बनाने का कोई प्रावधान अधिनियम में नहीं है।वर्तमान में लैंक्सेस उद्योग में कुल 218 स्थायी श्रमिक कार्यरत हैं।उल्लेखनीय है कि पूर्व विधानसभा प्रश्न के उत्तर में 17 स्थायी श्रमिक कार्यरत बताये थे। लैंक्सेस उद्योग एक निजी औद्योगिक संस्थान है,इसलिए नियुक्ति,स्थायीकरण एवं सेवा शर्तों से संबंधित आंतरिक प्रशासनिक निर्णय नियोजक द्वारा लिए जाते हैं।श्रम विभाग केवल संबंधित श्रम कानूनों के अनुपालन की निगरानी करता है। श्रमिकों को स्थायी करने पर श्रम संगठनों से अभी कोई चर्चा नहीं लैंक्सेस उद्योग एवं श्रम संगठन के बीच आगामी समझौते में उद्योग में कार्यरत श्रमिकों की वास्तविक संख्या के अनुपात में श्रमिकों को स्थायी किए जाने का प्रावधान करने संबंधी प्रश्न पर श्रम मंत्री ने कहा कि नियोजक पक्ष द्वारा ट्रेड यूनियन के साथ अभी तक कोई औपचारिक चर्चा प्रारंभ नहीं की गई है।

दो अंतर्राज्यीय तस्करों को 31-31 वर्ष का सश्रम कारावास

जावद। श्रीमान् विनोद कुमार पाटीदार, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जावद, जिला-नीमच द्वारा 206 कट्टों में कुल 4109 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा एवं एक हरे रंग की थैली में 5 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतर्राज्यीय तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (1) राजमल उर्फ राजू पिता नारायणसिंह, उम्र-40 वर्ष एवं (2) भेरूलाल पिता नाथूलाल भील, उम्र-28 वर्ष, दोनो निवासी ग्राम दाता, तहसील कपासन, जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) को धारा 8(सी)/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1,25,000-1,25,000 लाख रूपये अर्थदण्ड एवं धारा 8(सी)/15(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 11-11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2,00,000-2,00,000 लाख रूपये अर्थदण्ड, इस प्रकार दोनो आरोपीगण को कुल 31-31 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3,25,000-3,25,000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 20.11.2024 को जिला अफीम अधिकारी, नीमच के कार्यालय पर गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 21.11.2022 को अषोक लिलेण्ड ट्रक में नयागांव के आसपास से अवैध मादक पदार्थ अफीम व डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी की जाने वाली हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सीबीएन द्वारा निवारक दल का गठन किया गया तथा दिनांक 21.11.2022 को सुबह के लगभग 5 बजे निवारक दल गुप्त सुचना के अनुसार नयागाव रेल्वे क्रासिंग के पास पहुँचा। थोडी देर बाद अशोक लिलेण्ड ट्रक नीमच की ओर से आता हुआ दिखाई दिया, जिसका पीछा कर उसे नयागांव टोल नाके पर रोका, ट्रक को आरोपी राजमल चला रहा था, तथा सहचालक की सीट पर आरोपी भैरूलाल बैठा हुआ था। निवारक दल द्वारा कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त नीमच ले जाकर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें कुल 581 कट्टे रखे हुए थे। 581 कट्टो में से 375 कट्टों में नमक भरा हुआ था तथा शेष 206 काले रंग के कट्टों में कुल 4109 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा हुआ था व एक हरे रंग की थेली में कुल 5 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम रखी हुई थी। इस प्रकार आरोपीगण द्वारा नमक की आड़ में अफीम एवं डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी करते हुए उसे जोधपुर (राजस्थान) ले जाया जा रहा था। निवारक दल द्वारा ट्रक सहित अफीम व डोडाचूरा को जप्त किया गया तथा आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। सीबीएन द्वारा आरोपीगण द्वारा अफीम व डोडाचूरा लाये जाने के संबंध में अनुसंधान जारी रखते हुए दोनों आरोपीगण के विरूद्ध अनुसंधान पूर्ण कर परिवाद माननीय विशेष न्यायालय, जावद में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा सभी महत्वपूर्ण 8 गवाहों के बयान कराकर अवैध मादक पदार्थ अफीम एवं डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया और दण्ड के प्रश्न विशेष लोक अभियोजक द्वारा तर्क रखे गये हैं कि आरोपीगण के पास अत्याधिक मात्रा में मादक पदार्थ जिससे सेवन से भारतवर्ष के युवाओं में नशें की प्रवृत्ति फेल रही हैं,

सम्यकज्ञान के बिना मोक्ष संभव नहीं, दुर्लभ मनुष्य भव को व्यर्थ न गंवाएं – आचार्य सूरीश्वर महाराज

आष्टा। नगर के श्री नेमिनाथ आष्टा तीर्थ श्री श्वेतांबर जैन मंदिर किला के उपाश्रय में आयोजित धर्मसभा में पूज्य आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने मानव जीवन की दुर्लभता और सम्यकज्ञान की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनंत उपकारी जिनेश्वर परमात्मा ने स्पष्ट कहा है कि बार-बार मनुष्य जन्म की प्राप्ति नहीं होती। सम्यकज्ञान के बिना मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। इसलिए जो मनुष्य भव अनेक पुण्यों के फलस्वरूप मिला है, उसे सांसारिक मोह-माया में व्यर्थ नहीं गंवाना चाहिए।

आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य जीवन साधना का श्रेष्ठ अवसर है।अन्य योनियों में वह साधना संभव नहीं, जो मनुष्य अवस्था में की जा सकती है। इसी मनुष्य भव से जीव 'नर' से 'नारायण' अर्थात परमात्मा पद तक पहुंच सकता है।

तिर्यंच गति से मनुष्य योनि तक का दुर्लभ सफर-धर्मसभा में आचार्यश्री ने जीव की चार गतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि तिर्यंच गति में सर्वाधिक जीव होते हैं, जिनमें एक इंद्रिय से लेकर अनेक इंद्रिय वाले जीव सम्मिलित हैं। इन योनियों से निकलकर मनुष्य जन्म प्राप्त करना अत्यंत कठिन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी एक इंद्रिय जीव सीधे मनुष्य गति में नहीं आ सकते तथा सातवें नरक के जीव भी सीधे मनुष्य योनि में नहीं आते। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में वर्णित है कि 29 अंकों से अधिक मनुष्यों की संख्या नहीं होती। यह तथ्य मनुष्य जन्म की सीमितता और महत्ता को दर्शाता है।

मनुष्य जीवन मिला, पर पाप में लिप्त रहे तो मूल्य शून्य-आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने कहा कि यदि मनुष्य शरीर पाकर भी व्यक्ति पाप क्रियाओं में लिप्त रहता है तो उस जीवन का कोई मूल्य नहीं। जैन कुल में जन्म लेना गौरव की बात है, परंतु उसका वास्तविक अर्थ तभी है जब व्यक्ति जैन मर्यादाओं, आचार-विचार और क्रियाओं को जीवन में धारण करे।

उन्होंने कहा कि जैन होना केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि व्यवहार, आहार और विचार में झलकना चाहिए। 'स्वयं विचार करें कि यदि आज जीवन पूर्ण हो जाए तो हमारी गति क्या होगी? '। यह आत्ममंथन प्रत्येक श्रावक को करना चाहिए।

गुरुवंदन से ऊँची गति का मार्ग-1आचार्यश्री ने कहा कि मंदिर में पूजन करते समय भावों की श्रेष्ठता अनिवार्य है। प्रत्येक श्रावक को गुरुवंदन की विधि आनी चाहिए।शास्त्रों में वर्णित है कि गुरुवंदन करने से नीच गोत्र कर्म का बंध टूटता है और जीव उच्च गति को प्राप्त करता है।उन्होंने कहा कि जैनों का आहार, बिहार और व्यवहार जैन मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। मर्यादा विहीन जीवन आत्मकल्याण का मार्ग नहीं बन सकता।

आयुष कर्म का बंध और विशेष तिथियों की महत्ता

आचार्य भगवंत ने आयुष कर्म के संदर्भ में बताया कि मनुष्य जीवन से आयुष कर्म का बंध एक ही बार होता है। व्यक्ति के आचार-व्यवहार और अंतर्मन के भावों के अनुसार मृत्यु पूर्व ही यह निश्चित हो जाता है कि अगली गति क्या होगी। आयुष का बंध विशेष तिथियों पंचमी, अष्टमी,एकादशी और चतुर्दशी पर होता है,इसलिए इन तिथियों में विशेष धर्म आराधना का महत्व है।उन्होंने कहा कि वर्तमान काल के छठे आरे में मनुष्य की आयु केवल बीस वर्ष तक सीमित रह जाएगी। यह संकेत है कि समय रहते पुण्य का निर्माण करें और आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर हों।

पुण्य निर्माण से ही जीवन सफल-आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने अपने प्रवचन के अंत में कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत संघर्ष और अनंत पुण्यों के फलस्वरूप प्राप्त होता है। इसे केवल भोग-विलास या सांसारिक उपलब्धियों में न गंवाकर, धर्म आराधना और सम्यकज्ञान के अर्जन में लगाना चाहिए। पुण्य का निर्माण ही जीवन की सफलता का आधार है।